राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर
क्रमांक एफ–4(ई)नि.प./(262/94) अलेसे–III/12559-573 दिनांकः 28/2/2014

आदेश संख्या 395/2013–14

विभागीय आदेश क्रमांक 8802–08 दिनांक 07.01.2008 के द्वारा श्री हेमेन्द्र सिंह राव, क0लेखाकार कोषालय,उदयपुर को थानाधिकारी, गोवर्धन विलास, उदयपुर द्वारा मुकदमा संख्या 164/07 में भा.द.स. की धारा 406/ 420/ 120 बी आईपीसी में दिनांक 31.12.2007 को गिरफ्तार किये जाने पर 48 घण्टे से अधिक पुलिस/ न्यायिक हिरासत में रहने के कारण श्री हेमेन्द्र सिंह राव, क0लेखाकार कार्यालय कोषाधिकारी, उदयपुर को गिरफ्तार करने की दिनांक 31.12.2007 से निलम्बित किया गया था एवं निलम्बन काल में मुख्यालय उपकोष, बल्लभनगर (उदयपुर) में रखा गया । विभागीय आदेश क्रमांक 11379–11383 दिनांक 11.01.2012 द्वारा इनका मुख्यालय उपकोष, बल्लभनगर (उदयपुर) के स्थान पर कोषालय,उदयपुर किया गया।

निलम्बित कार्मिकों के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा गठित समिति की दिनांक 31.01.2014 को बैठक आयोजित की गई जिसमें समीक्षा की जाकर श्री हेमेन्द्र सिंह राव, क0लेखाकार को निलम्बन से बहाल किये जाने का निर्णय लिया गया।

अतः वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर से प्राप्त पत्र क्रमांक प–2(3) वित्त/ राजस्व/ 14 जयपुर दिनांक 11.2.2014 के अनुसरण में श्री हेमेन्द्र सिंह राव , क0लेखाकार जो दिनांक 31.12.2007 से निलम्बित चल रहे हैं, को पदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण करने की तिथि से बहाल किया जाता है तथा बहाली पर इनका पदस्थापन उपकोष, बाडी (धौलपुर) में क0लेखाकार के रिक्त पद पर किया जाता है। बहाली विभागीय जॉच एवं माननीय न्यायालय के निर्णय के अध्याधीन रहेगी। निलम्बन अवधि का निर्णय माननीय न्यायालय के निर्णय के पश्चात् किया जाएगा।

उक्त आदेश वित्त (राजस्व) विभाग का पत्र क्रमांक प.2(3) वित्त/राजस्व/14 जयपुर दिनांक 11.2.2014 के द्वारा प्रदत्त स्वीकृति के अनुसरण में जारी किये जाते हैं।

(वीरबाला जोशी)
निदेशक

क्रमांक एफ–4(ई)नि.प./(262/94) अलेसे–III/12559-573 दिनांकः 28/2/14
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है:–

1. उप शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर
2. पुलिस अधीक्षक, उदयपुर
3. थानाधिकारी, गोवर्धन विलास, उदयपुर
4. संयुक्त निदेशक(जॉच) कार्यालय हाजा
5. उपनिदेशक, कम्प्यूटर शाखा वेवसाईट पर अपलोड हेतु
6. गोपनीय शाखा, कार्यालय हाजा
7. कोषाधिकारी, उदयपुर/ धोलपुर
8. उपकोषाधिकारी, उपकोष बाडी (धौलपुर)
9. श्री हेमेन्द्र सिंह राव, क0लेखाकार(निलम्बित) मुख्यालय कोषालय, उदयपुर
10. निजी सहायक, निदेशक महोदय
11. निजी पत्रावली / रक्षित पत्रावली/ श्री महेन्द्र गोयल, लेखाकार कार्यालय हाजा
12. पदस्थापन शीट, कार्या० हाजा
13. वरीयता शीट, कार्या० हाजा

(महेन्द्र सिंह भूकर)
अतिरिक्त निदेशक(कार्मिक–II)